## खबर संक्षेप

### कलयुगी चाचा ने भतीजी को बनाया हवस का शिकार

**शहडोल।** शहडोल में रिश्तों को कलंकित करने वाली एक ऐसी रूह कंपा देने वाली वारदात सामने आई है, जिसने समाज के माथे पर कलंक लगा दिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र में एक नाबालिग हैवान चाचा ने अपनी ही 6 साल की मासूम भतीजी के साथ दरिंदगी कर इंसानियत को शर्मसार कर दिया। जिस रिश्ते में सुरक्षा की गारंटी होनी चाहिए थी, वहीं मासूमियत का गला घोंटा गया।

**सूने घर में मासूम को बनाया शिकार**

दिल दहला देने वाली यह घटना तब हुई जब पीड़िता की मां घरों में साफ-सफाई का काम करने गई थी। घर में मासूम को अकेला पाकर सगे नाबालिग चाचा की नीयत डोल गई। रिश्तों की पवित्रता को पैरों तले रौंदते हुए उसने अपनी ही भतीजी के साथ घिनौना दुष्कर्म किया। जब मां घर लौटी, तो लहूलुहान और बदहवास बेटी को देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई।

**आरोपी किशोर न्यायालय में पेश**

साहसी मां ने बिना देर किए कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल पॉक्सो एक्ट और गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को दबोच लिया। चूंकि आरोपी नाबालिग है, इसलिए उसे गिरफ्तार कर किशोर न्यायालय में पेश किया गया है।

### पिकअप में ठूंस-ठूंस कर ले जाए जा रहे 6 मवेशी जब्त

**शहडोल।** जिले की जैतपुर पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए क्रूरता पूर्वक परिवहन किए जा रहे 6 मवेशियों को पिकअप वाहन सहित जब्त किया है। यह कार्रवाई गुरुवार-शुक्रवार की रात गश्त के दौरान की गई। पुलिस के अनुसार रात करीब 3 बजे कोटरी तिराहा पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन में भैंसों को अमानवीय तरीके से ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने सडक़ पर स्टॉपर लगाकर वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 18 जेडजी 3523 को रोककर चेक किया गया। जांच में पाया गया कि पिकअप में 6 भैंसों को बेहद क्रूरता के साथ ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। पशुओं की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने मौके पर ही भैंसों और वाहन को जब्त कर लिया। पुलिस ने वाहन चालक और उसके साथी अनुराग गौतम पिता लक्ष्मण प्रसाद गौतम निवासी बरगवां-18 बुढ़ार तथा भूषण दास पाव पिता बिरजू पाव निवासी बरगवां-18 बुढार के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया है।

### धनपुरी में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के सौंदर्यीकरण और आंगनबाड़ी भवनों का शिलान्यास



**धनपुरी।** नगर पालिका परिषद् धनपुरी विकास के पथ पर तेज रफ्तार से दौड़ रही है। हाल ही में नपा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों की मौजूदगी में शहर को कई सौगातें दी गईं। वार्ड क्रमांक 13 स्थित धनपुरी नंबर-3 शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के कायाकल्प और सौंदर्यीकरण कार्य का भव्य भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 9 (रुद्र चौक) और वार्ड क्रमांक 13 (नाला टोला) में नए आंगनबाड़ी भवनों की आधारशिला रखी गई, जिससे स्थानीय बच्चों और महिलाओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। शासन के निर्देशानुसार वार्ड क्रमांक 4 स्थित इंडोर स्टेडियम में दो दिवसीय आनंद उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। 21 और 22 जनवरी को आयोजित इस उत्सव में स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। कबड्डी, खो-खो, बोरा दौड़ और रस्साकसी जैसे पारंपरिक खेलों के साथ-साथ रंगोली और देशभक्ति गीतों ने समां बांध दिया। धनपुरी नगर गौरव गान ने स्थानीय नागरिकों में गर्व का संचार किया।

## शहडोल पुलिस लाइन में खूनी सुसाइड

# अपनी ही रायफल से जवान ने उड़ाया भेजा

शहडोल।

रक्षित केंद्र की लोहे जैसी अभेद्य सुरक्षा और कड़े अनुशासन के बीच गुरुवार की रात मौत ने ऐसी सेंध लगाई कि पूरा महकमा थर्रा उठा। आधी रात के सन्नाटे को चीरती हुई जब गोली चलने की आवाज आई, तो किसी को गुमान नहीं था कि खाकी का एक पहरेदार अपनी ही सरकारी रायफल से खुद के वजूद को खत्म कर चुका है। आरक्षक शिशिर सिंह राजपूत ने जिस रायफल का इस्तेमाल दुश्मनों और अपराधियों के खिलाफ करना था, उसी की नली अपनी ठुड्डी के नीचे सटाकर ट्रिगर दबा दिया। मौत इतनी वीभत्स थी कि गोली सिर के आर-पार निकल गई और फर्श जवान के खून से लाल हो गया।







### आक्रोश की इंतिहा या मानसिक प्रलय

इस सुसाइड मिस्ट्री का सबसे बड़ा और डरावना सुराग घटनास्थल पर मिला चकनाचूर मोबाइल है। प्रत्यक्षदर्शियों और शुरुआती साक्ष्यों के आधार पर यह साफ है कि आरक्षक शिशिर राजपूत मौत को गले लगाने से ठीक पहले किसी से फोन पर बात कर रहे थे। वह बातचीत सामान्य नहीं थी, बल्कि एक ऐसा मानसिक तूफ़ान थी जिसने जवान के सब्र का बांध तोड़ दिया। कयास लगाए जा रहे हैं कि कॉल के दौरान पैदा हुए भीषण आक्रोश में शिशिर ने पहले अपने मोबाइल को जमीन पर पटककर उसके पुर्जे-पुर्जे कर दिए और फिर आव देखा न ताव 7.62 एमएम सर्विस रायफल से खुद को मौत की नींद सुला दिया। सवाल यह है कि उस आखिरी कॉल पर कौन था।

### सिस्टम के गाल पर तमाचा

शिशिर की आत्महत्या केवल एक व्यक्तिगत घटना नहीं, बल्कि खाकी के भीतर सुलग रहे मानसिक दबाव के ज्वालामुखी का विस्फोट है। यह वारदात पुलिसिंग के उस खोखले दावे पर प्रहार करती है जहां जवानों की मानसिक काउंसलिंग की बात तो होती है, लेकिन हकीकत में वे वर्क प्रेशर और अंतहीन ड्यूटी के बोझ तले दबे होते हैं। आखिर ड्यूटी के दौरान रक्षित केंद्र जैसे संवेदनशील स्थान पर तैनात जवान की मानसिक स्थिति को भांपने में विभाग क्यों नाकाम रहा। क्या अधिकारियों ने कभी यह जानने की कोशिश की कि पत्थर की तरह दिखने वाले इन जवानों के सीने में भी जज्बात और परेशानियां होती हैं।

### मोबाइल के भीतर छिपे हैं राज

कोतवाली पुलिस और वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल को सील कर दिया है। तकनीकी विशेषज्ञों की टीम उस टूटे हुए मोबाइल को खंगाल रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मोबाइल की कॉल डिटेल्स और डेटा रिकवरी ही इस अंधेरे कांड का सच सामने लाएगी। क्या यह सुसाइड किसी ब्लैकमेलिंग का नतीजा है या फिर ड्यूटी के दौरान हुई किसी ऐसी घटना का प्रतिशोध, जिसने आरक्षक को इस आत्मघाती कदम के लिए उकसाया, पुलिस अब सुसाइड एबेटमेंट (आत्महत्या के लिए उकसाना) के एंगल से भी जांच कर रही है।

### बिलखते परिजन और सन्नाटे में डूबा महकमा

घटना की खबर मिलते ही शिशिर के परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस लाइन के जिस कमरे में कभी शिशिर की हंसी गूंजती थी, वहां अब सिर्फ सन्नाटा और खौफ है। साथी जवान इस कदर डरे और सहमे हुए हैं कि कोई भी खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। वरिष्ठ अधिकारियों ने शव का पोस्टमार्टम कराकर जांच के आदेश दे दिए हैं, लेकिन क्या यह जांच सिर्फ औपचारिकता बनकर रह जाएगी या फिर उस विलेन का चेहरा सामने आएगा जिसने जवान को ट्रिगर दबाने पर मजबूर किया।

### इनका कहना है...

पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक ने खुद को गोली मार ली है, मामले में वैधानिक कार्यवाही करते हुए मामले की पड़ताल की जा रही है।

**रामजी श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक, शहडोल**

# विश्वविद्यालय में वसंतोत्सव एवं मां सरस्वती पूजन का भव्य आयोजन

शहडोल।



पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय परिसर में वसंतोत्सव के पावन अवसर पर विद्या, वाणी और विवेक की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का भव्य एवं सामूहिक पूजन श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामशंकर एवं कुलसचिव डॉ. आशीष तिवारी के साथ समस्त गुरुजन, अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। पूरे परिसर में बसंत के आगमन का उल्लास स्पष्ट दिखाई दिया। श्वेत और पीत वस्त्रों से सजे छात्र-छात्राओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माँ सरस्वती का विधिवत पूजन किया। सरस्वती वंदना, पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने कहा मां सरस्वती भारतीय चेतना की वह अक्षय धारा हैं, जिनसे ज्ञान, विवेक और संस्कार निरंतर प्रवाहित होते हैं। वसंत केवल ऋतु परिवर्तन नहीं, बल्कि जड़ता से चेतना की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर और निराशा से नवसृजन की ओर बढने का प्रतीक है।

विश्वविद्यालय केवल शैक्षणिक संरचना नहीं होता, वह विचार, मूल्य और दृष्टि के निर्माण की प्रयोगशाला होता है। हमारा दायित्व है कि हम विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ नैतिक बोध, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व से भी संपन्न करें।आज का विद्यार्थी यदि अपनी जड़ों से जुडक़र आधुनिक ज्ञान अर्जित करता है, तो वही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का शिल्पकार बनता है। माँ सरस्वती की कृपा से यह विश्वविद्यालय ज्ञान, अनुसंधान और मानव-मूल्यों का सशक्त केंद्र बने, यही मेरी कामना है।

कुलसचिव डॉ. आशीष तिवारी ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयोजन विश्वविद्यालय के वातावरण को सकारात्मक बनाते हैं और गुरु-शिष्य परंपरा को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने आयोजन में सहभागिता करने वाले सभी गुरुजनों और विद्यार्थियों को बधाई दी। आयोजन की व्यवस्था परिसर प्राभारी प्रो गीता सराफ,डॉ पूर्णिमा शर्मा ने किया कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और विश्वविद्यालय परिसर जय मां सरस्वती के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि शैक्षणिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

## बकहो नगर परिषद में स्व. चन्द्रिका मिश्रा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

# चंद्रिका मिश्रा मतदाताओं के सच्चे प्रतिनिधि थेः बलमीत सिंह खनूजा







बुढ़ार

बकहो नगर परिषद में कांग्रेस नेताओं और वार्ड क्रमांक 4 के नागरिकों ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्व. चनद्रिका मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की। वार्ड की कांग्रेस नेत्री चम्पा केवट की पहल पर आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। उपस्थित नेताओं ने मिश्रा के राजनीतिक योगदान, सरल व्यक्तित्व और संगठन में उनके लंबे समय तक दिए गए सहयोग को याद किया।

सभा की शुरुआत में सभी उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में शोकाकुल परिवारजन भी मौजूद रहे और उन्होंने मिश्रा के व्यक्तित्व एवं कार्यशैली को याद करते हुए भावुकता व्यक्त की।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता बलमीत सिंह खनूजा ने कहा चनद्रिका मिश्रा जनता के बीच रहने वाले नेता थे। उन्होंने हमेशा मतदाताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें समाधान तक पहुंचाने का प्रयास किया। पार्टी संगठन में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि मिश्रा का जाना क्षेत्र के लिए बड़ी क्षति है और कांग्रेस परिवार उनके बताए मार्ग पर आगे बढ़ता रहेगा।

कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अंकित सिंह की उपस्थिति में हुआ। उन्होंने कहा कि स्व. मिश्रा संगठन की रीढ़ रहे और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हमेशा प्रेरित करते रहे। उन्होंने उपस्थित नागरिकों और नेताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। सभा के अंत में सभी ने पुष्प अर्पित कर स्व. चनद्रिका मिश्रा को अंतिम विदाई दी तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति मिले।

कार्यक्रम में कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद रहे, जिनमें प्रदीप सिंह, बलमीत सिंह खनूजा, सुजीत सिंह चंदेल, प्रवीण सिंह, भानु दीक्षित, अरविंद नायक, अजय सिंह बघेल, अनिल त्रिपाठी, भगत सिंह, नीलम सिंह, अनुज सिंह, अजय नापित, जवाहर राव, चिंटू विश्वकर्मा, जमुना राव, कुन्नू श्रीवास्तव, विमल सिंह, अभिषेक सिंह, पुष्पेंद्र शर्मा, पुरुषोत्तम नापित, संदीप राव, अतुल तिवारी, सूरज महोबिया और बंटी मेहतो शामिल थे। बड़ी संख्या में वार्डवासी और महिला समूह की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भावनात्मक बना दिया।

## शहडोल में गूंजी आर्थिक आजादी की हुंकार

# अमेरिका की आर्थिक तानाशाही पर कुलगुरु का प्रहार

शहडोल।

**पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय का अर्थशास्त्र विभाग अब केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक आर्थिक नीतियों की चीरफाड़ भी करेगा। विभाग में नवनियुक्त अर्थशास्त्र परिषद के शपथ ग्रहण समारोह में न केवल नई कार्यकारिणी ने कमान संभाली, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अमेरिका के घटते वर्चस्व और भारत की उभरती शक्ति का शंखनाद भी हुआ।**



### अमेरिका की दादागिरी के अंत की शुरुआत

मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो. राम शंकर ने अपने संबोधन में वैश्विक अर्थव्यवस्था की नब्ज पर हाथ रखते हुए कहा कि दुनिया अब अमेरिकी तानाशाही से ऊब चुकी है। लाओस में वल्र्ड इकोनॉमिक फोरम का उदाहरण देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिकी प्रभाव के अंत की शुरुआत हो चुकी है। कुलगुरु ने दो टूक शब्दों में कहा अमेरिका चाहे भारत पर टैरिफ बढ़ा दे, हमारी अर्थव्यवस्था पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। भारत की विदेश नीति और आर्थिक ताकत अब दुनिया को झुकाने का दम रखती है।

### डिजिटल फ्रॉड और टैरिफ वॉर पर प्रहार

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने केवल लोकगीत ही नहीं गाए, बल्कि डिजिटल फ्रॉड और टैरिफ वॉर जैसे ज्वलंत विषयों पर ऐसी धारदार प्रस्तुतियां दीं कि पूरा सदन तालियों से गूंज उठा। विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता वाथरे ने संकल्प दोहराया कि मेक इन इंडिया और स्किल इंडिया जैसे हथियार भारत को 2047 से पहले ही विकसित राष्ट्र बनाएंगे।

### इन योद्धाओं ने संभाली परिषद की कमान

कुलगुरु ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। परिषद की नई टीम के अध्यक्ष अभिनय पांडे, उपाध्यक्ष प्रियांशी तिवारी, सचिव भावना बर्मन, कोषाध्यक्ष विभांकर तिवारी, मीडिया प्रभारी सत्यम चौहान, अनुशासन प्रभारी पुष्प लता सिंह का नाम शामिल है। विशिष्ट अतिथि कुल सचिव प्रो. आशीष तिवारी और परिसर प्रभारी प्रो. गीता सराफ ने भी विद्यार्थियों के इस नए जोश की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संतोष पुरी ने किया एवं आभार डॉ. अंजनी सूर्यवंशी ने माना। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं गवाह बने कि अब शहडोल का यह विश्वविद्यालय वैश्विक आर्थिक बदलाव का केंद्र बनेगा।

# मतदाता सूची से नाम काटने की साजिश पर भड़की कांग्रेस

**शहडोल।** लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव चुनाव से पहले शहडोल की सियासत में भूचाल आ गया है। कांग्रेस ने एसआईआर प्रक्रिया की आड़ में मतदाता सूची से नाम कटवाने के खेल को सत्ता पक्ष की एक खूनी साजिश करार दिया है। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ बंद नहीं हुआ, तो सडक़ों पर संग्राम होगा।



### नियमों की धज्जियां उड़ा रही सत्ता की हताशा

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के इशारे पर निर्वाचन नियमों की सरेआम लाश बिछाई जा रही है। जिला अध्यक्ष अजय अवस्थी ने कड़े शब्दों में कहा फॉर्म-7 का नियम कहता है कि एक बूथ पर एक दिन में 10 से अधिक आवेदन नहीं लिए जा सकते, लेकिन यहां तो थोक के भाव में अल्पसंख्यकों और विरोधियों के नाम काटे जा रहे हैं। यह निष्पक्ष चुनाव नहीं, बल्कि चुनाव जीतने के लिए की जा रही सरकारी डकैती है।

### अल्पसंख्यक और विशेष वर्ग पर डिजिटल स्ट्राइक

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सनसनीखेज आरोप लगाया कि एक खास रणनीति के तहत अल्पसंख्यक मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। सत्ता के संरक्षण में बीएलओ पर दबाव डालकर मनमानी सूचियां तैयार कराई जा रही हैं। कांग्रेस नेताओं ने दो टूक कहा कि यह कार्रवाई सत्ता पक्ष के हार के डर को उजागर करती है। उन्होंने मांग की है कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हो और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ही जांच संपन्न कराई जाए।

### सदन से सडक़ तक होगा आर-पार का संघर्ष

नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल और वरिष्ठ नेताओं ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस मतदाताओं के अधिकारों पर डकैती नहीं डालने देगी। प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा गया है कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई और सूचियों से छेड़छाड़ बंद नहीं की गई, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए विवश होगी। इस दौरान पूर्व नपा उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, श्रीनिवास शर्मा, मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला सहित भारी संख्या में कांग्रेसियों ने निर्वाचन कार्यालय का घेराव कर अपनी नाराजगी दर्ज कराई।

# बैल को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर पलटा, तीन मासूम बहनों की मौत



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

जिले के अमरकंटक थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना में सीमेंट और सरिया से लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे ट्रैक्टर पर सवार तीन अबोध नाबालिग बच्चियों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा जब चालक ने अचानक सामने आए एक बैल को बचाने का प्रयास किया। इस घटना से पूरा क्षेत्र में शोक में डूब गया।जानकारी के अनुसार शुक्रवार को खजुरवार से लालपुर की ओर निर्माण सामग्री लेकर जा रहा ट्रैक्टर के इंजन पर रुक्मणी बाई महोबे अपनी तीन नाबालिग बेटियों के साथ बैठी थीं, ट्रैक्टर दिनेश कुमार महोबे महिला का जेठ चला रहा था। रास्ते में अचानक एक बैल सामने आया, चालक ने उसे बचाने के लिए ट्रैक्टर मोड़ा, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे पलट गया।



हादसे में रुक्मणी बाई महोबे की तीनों बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गईं, परिजन और ग्रामीण घायलों को तत्काल दमेहडी अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन दुर्भाग्यवश रास्ते में ही तीनों मासूमों ने दम तोड़ दिया। मृत बच्चियों की पहचान 6 वर्षीय काव्या महोबे, 3 वर्षीय अमानिका महोबे और 3 माह की आंशिका महोबे के अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में मां रुक्मणी बाई महोबे को भी चोटें आई हैं, जिनका इलाज जारी है। घटना के बाद गांव में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों की मदद से पलटे ट्रैक्टर को सीधा कराया गया, सूचना मिलते ही अमरकंटक पुलिस मौके पर पहुंची मर्ग कायम कर शवों का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया, अमरकंटक पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

पुष्पराजगढ़ एसडीओपी नवीन तिवारी ने बताया कि घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पुलिस पहुंच कर पंचनामा कर, तीनों बच्चियों के शव का पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों को सौंपकर, जांच शुरू कर दी हैं।

## खबर संक्षेप

### यातायात व्यवस्था हेतु सुरक्षा बल की ड्यूटी लगाये जाने के दिए गए निर्देश

**उमरिया।** गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम 26 जनवरी 2026 के जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से स्थानीय स्टेडियम उमरिया में सम्पन्न होगा। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कार्यक्रम को शान्ति पूर्ण सम्पन्न कराने हेतु यातायात सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से स्थानीय स्टेडियम एवं प्रमुख मार्गों में यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने हेतु सुरक्षा बलों की ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश यातायात प्रभारी को दिए है।

### गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में झांकियो के प्रवेश हेतु लगाई गई ड्यूटी

**उमरिया।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी का मुख्य समारोह स्टेडियम में आयोजित होगा। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने गणतंत्र दिवस कार्यक्रम 26 जनवरी 2026 को जिला मुख्यालय उमरिया स्थित स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में ध्वजारोहण स्थल पर झाकियों के क्रमबद्ध प्रवेश एवं उनके निकास की व्यवस्था हेतु विनोद वर्मा नायब तहसीलदार तहसील बांधवगढ़ कि ड्यूटी लगाई है। उन्होंने कहा है कि अपने सहयोग हेतु अपने स्तर से अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करें।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलाई गई शपथ



**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र भोपाल के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर उमरिया में अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता ने अधिकारियों कर्मचारियों को मतदाता दिवस कि शपथ दिलाई कि हम,भारत के नागरिक,लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए,निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय,भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। इस अवसर पर जिला प्रमुख अधिकारी सहित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### अवैध रेत चोरी कर परिवहन किए जाने पर चालक एवं मालिक के खिलाफ कार्यवाही



**कोतमा।** कोतमा पुलिस ने रेत चोरी कर परिवहन किए जाने पर चालक एवं मालिक के खिलाफ कार्यवाही की है। बताया जाता है कि थाना अंतर्गत सेमरिया रोड के पास जमगांव गांव के पास गोडारू नदी के घाट से बिना नंबर के ट्रैक्टर में आरोपियों के द्वारा अवैध रूप से रेत लोडकर परिवहन किया जा रहा था। सूचना पर प्रधान आरक्षक रामपाल पटेल, इस्तियाक खान ने घेराबंदी कर वाहन को रोका। पुलिस को देखते ही वाहन चालक फरार हो गया। आरोपी वाहन चालक दीपक चौधरी एवं मालिक रामखेलावन के खिलाफ धारा 303 (2) 317 (5) एवं खनिज अधिनियम की धारा 4,21 के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना की जा रही है। कार्यवाही से खनन से जुड़े लोगों में खलबली देखी जो रही है।

### अंत्योदय कार्डधारी वृद्धजनों एवं माताओं को भी विशेष भोज में शामिल करने के निर्देश

# गणतंत्र दिवस पर पीएम पोषण अन्तर्गत विशेष भोज का आयोजन किए जाने के निर्देश जारी

**उमरिया। सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी, 2026 को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अन्तर्गत जिले की लक्षित सभी शालाओं के विद्यार्थियों को पीएम पोषण के अंतर्गत विशेष भोज में सब्जी-पूरी-खीर अथवा सब्जी-पूरी-हलुआ तथा इसके साथ मिठाई का वितरण किया जाएगा ,एवं इस तथ्य का भी विशेष ध्यान रखा जावेगा कि भोजन स्वच्छ स्थान पर बनाया जावे एवं शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण हो।**

उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, जनपद पंचायत के सी ई ओ ,विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र करकेली, मानपुर एवं पाली से कहा है कि संबंधित प्रधानाध्यापक / शाला के नोडल शिक्षक को यह दायित्व सौपा जावें कि वे अपनी निगरानी में सामग्री का परीक्षण कर भोजन तैयार करावें। प्रत्येक शाला हेतु निरीक्षण रोस्टर अनुसार निर्धारित अंत्योदय कार्डधारी वृद्धजन व



माताएं भी विशेष भोज में सहभागी हो तथा उनके द्वारा भोजन का निरीक्षण किया जाए। विशेष भोज हेतु जन सहयोग एवं जनभागीदारी लिया जाना भी श्रेयस्कर होगा। इस अवसर पर जनसहयोग प्रदान करने वाले नागरिकों को भी आमंत्रित किया जावे। कार्यरत क्रियान्वयन एजेन्सियों/ स्वसहायता समूहों द्वारा गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी 2026 को विशेष भोजन वितरित किये जाने का कार्यक्रम सुनिश्चित करावें तथा जनपद पंचायतों में अधीनस्थ मैदानी अमले को रोस्टर अनुसार निरीक्षण की जबाबदारी सौपें। जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक एवं जन शिक्षा केन्द्र के प्रभारी सभी शालाओं में 26 जनवरी 2026 को पीएम पोषण अंतर्गत विशेष भोज का आयोजन सुनिश्चित कराते हुये, अपने स्तर से रोस्टर अनुसार निरीक्षण के निर्देश भी जारी करें तथा अन्त्योदय कार्डधारी वृद्धजन व माताओं की भी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## ग्राम अमड़ी में चल रहे आनंद उत्सव कार्यक्रम का लिया जायजा



**उमरिया।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आनंद उत्सव के तहत बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उमरिया जिले में चल रहे आनंद उत्सव कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए राज्य आनंद संस्थान भोपाल के प्रतिनिधि अजीत महतो ने करकेली विकासखंड अंतर्गत ग्राम अमड़ी में चल रहे आनंद उत्सव कार्यक्रम का अवलोकन किया व अपने अनुभव भी साझा किए। राज्य आनंद संस्थान,आनंद विभाग मध्य प्रदेश शासन प्रदेश के लोगों के जीवन में आनंद का प्रसार करने के उद्देश्य से 28 जनवरी के मध्य में आनंद उत्सव का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए हैं जिसके अनुक्रम में जिले के करकेली विकासखंड में 43, मानपुर



विकासखंड में 37 एवं पाली विकासखंड में 19 कलस्टर बनाए गए हैं। इन कलस्ट्ररों में नजदीकी दो-तीन पंचायतों के नागरिक गतिविधियों के माध्यम से अपने तनाव को कम करते हुए आनंदित हो रहे हैं।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में गौर ट्रांसलोकेशन के दूसरे चरण की सफल शुरुआत

**उमरिया। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से ट्रांसलोकेट कर लाए जाने वाले कुल 50 गौर में से द्वितीय चरण के पहले दिन 23 जनवरी को प्रातः 9.30 बजे से 10 बजे के बीच 5 गौर जिनमें 1 नर और 4 मादा सम्मिलित हैं, को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के कलवाह परिक्षेत्र में निर्मित गौर वाड़े में क्षेत्र संचालक महोदय डॉ. अनुपम सहाय तथा उपसंचालक श्री योहान कटारा की उपस्थिति मंए सफलतापूर्वक छोड़ा गया।**

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की टीम द्वारा वहां की क्षेत्र संचालक राखी नंदा तथा भारतीय वन्यजीव संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. पराग निगम के नेतृत्व में चूरना के पास स्थित वन क्षेत्र से कैप्चर किए गए थे। गौर जनसंख्या में आनुवंशिक विविधता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह गौर पुनस्र्थापना कार्यक्रम भारतीय वन्यजीव संस्थान एवं मध्यप्रदेश वन विभाग के संयुक्त सहयोग के अंतर्गत किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का प्रथम चरण में फरवरी 2025 में 22 गौर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सफलतापूर्वक पुनस्र्थापित किए जा चुके हैं । 22 जनवरी से 25 जनवरी 2026 तक संचालित इस गौर ट्रांसलोकेशन ऑपरेशन के द्वितीय चरण में कुल 27 गौरों को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व लाया जाना प्रस्तावित है। गौर परिवहन हेतु कुल 9 परिवहन दल गठित किए गए हैं, जिनमें प्रत्येक दल में एक उप वनमंडल अधिकारी/वन क्षेत्रपाल, एक गौर परिवहन वाहन, दो वन्यप्राणी चिकित्सक, वनपाल एवं वनरक्षक सहित कुल 10 सदस्य तथा 4 वाहन शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि बांधवगढ़ लैंडस्केप में 1990 के दशक में गौर विलुप्त हो गए थे। क्षेत्र में गौरों की पुनस्र्थापना का कार्य वर्ष 2010-11 में प्रारंभ हुआ, जब कान्हा टाइगर रिजर्व से 50 गौरों को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में ट्रांसलोकेट किया गया। यह प्रयास अत्यंत सफल रहा और वर्तमान में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में गौरों की संख्या 191 से अधिक हो चुकी है। यह संपूर्ण अभियान बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में गौर जनसंख्या को सुदृढ़ करने तथा आनुवंशिक विविधता को बनाए रखने के साथ जैव विविधता संरक्षण एवं पारिस्थितिक संतुलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



## जिला चिकित्सालय में मीडिया एडवोकेसी संपन्न

**उमरिया।** फाइलेरिया उन्मूलन के उद्देश्य से जिले में आगामी मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान को लेकर जिला स्तरीय मीडिया संवाद का आयोजन किया गया। मीडिया एडवोकेसी के माध्यम से अभियान की रूपरेखा, महत्व एवं जनसहयोग की आवश्यकता के संबंध में मीडिया को विस्तृत जानकारी दी गई ।



मीडिया एडवोकेसी में पवन मेहरा सलाहकार (भारत सरकार) एवं डॉ. व्ही.एस. चंदेल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उमरिया द्वारा फाइलेरिया रोग के कारण लक्षण रोकथाम तथा इसके स्थायी उन्मूलन हेतु एमडीए अभियान की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से रोकी जा सकने वाली बीमारी है जिसके उन्मूलन के लिए सभी पात्र व्यक्तियों द्वारा दवा का सेवन अत्यंत आवश्यक है।

बैठक में जानकारी दी गई कि उमरिया जिले के पाली विकासखंड में 10 फरवरी 2026 से एमडीए अभियान प्रारंभ किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की प्रशिक्षित टीमें घर-घर जाकर लक्षित जनसंख्या को निर्धारित मात्रा में फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराएंगी। यह अभियान जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होने बताया कि डी.ई.सी. एल्बेंडाजोल आइवरमेक्टिन की गोली का सेवन करने से मनुष्य के शरीर में स्थित फाइलेरिया के कृमि नष्ट हो जाते हैं जिससे यह बीमारी एक से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलती। दवा खाने से कृमि के मरने पर बुखार, उल्टी, सिर दर्द या चक्कर आ सकते हैं, जो कि दवा का प्रतिकूल प्रभाव है और ये लक्षण कुछ समय के बाद स्वयं समाप्त हो जाते हैं। फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए डी.ई.सी. की गोली की सालाना खुराक सभी पात्र व्यक्तियों को लेना आवश्यक है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा व्ही एस चंदेल ने मीडिया से अपील की है कि वे एमडीए अभियान से संबंधित सटीक एवं सकारात्मक जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि अधिक से अधिक लोग अभियान में सहभागी बन सकें। साथ ही आमजन से भी आग्रह किया गया कि वे स्वयं दवा का सेवन करें तथा अपने परिवार एवं आस-पास के लोगों को भी दवा सेवन के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर रवि कुमार साहू जिला मलेरिया सलाहकार, गौरव मिश्रा जिला समन्वयक पी.सी.आई., सहित जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी पत्रकार उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा अभियान की तैयारियों, दवा सेवन की प्रक्रिया, सुरक्षा मानकों एवं जागरूकता गतिविधियों की जानकारी भी साझा की गई।

## श्री श्रम स्टार योजना में शामिल हो सकते हैं दुकानदार एवं व्यापारी

**उमरिया।** श्रम पदाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी दुकानदारों और व्यापारिक संस्थानो से म.प्र.शासन श्रम विभाग की श्री श्रम स्टार रेटिंग योजना के तहत पोर्टल पर आवेदन करने की विशेष व्यवस्था की गयीश है। श्रम स्टार रेटिंग श्रम विभाग द्वारा शुरू की गयी एक महत्वपूर्ण पहल है। जो किसी भी औद्योगिक ईकाई या व्यवसायिक संस्थान में श्रम कानूनो के पालन और श्रमिको को दी जाने वाली सुविधाओ के स्तर को प्रदर्शित करती है। शासन ने रेंटिग तय करने के लिये मापदंड निर्धारित किये है। जिनमें श्रमिक को न्यूनतम वेतन का भुगतान, कार्यस्थल पर सुरक्षा, और स्वास्थ्य के पुख्ता इंतजाम तथा सामाजिक सुरक्षा के तहत ईपीएफ और ईएसईसी जैसी सुविधाओ का लाभ प्रदान करना सम्मिल है। पोर्टल पर जानकारी साझा करने से व्यापारियो को कई तरह के लाभ प्राप्त होगें। उच्च श्रम स्टार रेंटिंग प्राप्त करने वाले उद्योगों और व्यापारिक संस्थानो को सरकारी खरीद में प्राथमिकता दी जायेगी। शासन की विभिन्न सबसिडी योजना का लाभ भी सुगमता से मिल सकेगा। यह रेंटिग बाजार में दुकानदारो की विश्वसनीयता बढाने के साथ साथ श्रमिको के अधिकारो को सुरक्षित करने की दिशा में एक बढा कदम है। जिले के व्यापारियो से इस पारदर्शिता व्यवस्था लाभ उठाने का आग्रह किया जा रहा है।

योजना के तहत श्री श्रम स्टॉर रेटिंग पोर्टल पर आवेदन करने की व्यवस्था की गयी है। इसके अंतर्गत दुकानदार पोर्टल पर अपने उत्पादो की जानकारी उनकी गुणवक्ता और संस्थान में कार्यरत श्रमिको के विवरण अपलोड कर सकते है। कार्यप्रणाली के आधार पर उन्हें 5 स्टॉर तक की रेटिंग प्राप्त होगी।

## नगर के प्रथम व्यक्ति नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ का आमंत्रण कार्ड में नाम न होने को लेकर पूरे नगर में बना चर्चा का विषय

**कोतमा।** नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 गुरू द्रोणाचार्य स्टेडियम में चल रहे मंत्री प्रीमियर लीग के 24 जनवरी को होने वाले समापन समारोह को लेकर वितरित किए गए आमंत्रण कार्ड में नगर के प्रथम व्यक्ति नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ का नाम न होने को लेकर पूरे नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। नगर वासियों का कहना है कि नगर के प्रथम नागरिक का नाम ना होना आयोजन समिति की बड़ी लापरवाही है। यह पूरे नगर वासियों को नीचा दिखाने का कार्य किया गया है। आमंत्रण कार्ड में नाम न होने से नगरपालिका अध्यक्ष अजय सराफ भी जमकर नाराज दिख रहे हैं। उनका कहना है कि प्रोटोकॉल का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा गया है। जिसको लेकर शिकायत जिले के प्रभारी मंत्री एवं ग्रामोद्योग मंत्री से की गई है। आयोजन समिति का कृत्य अध्यक्ष के साथ पूरी परिषद को अपमानित करने वाला है। हमें नगर की जनता और परिषद ने अध्यक्ष बनाया है तो हम जनता की समस्या को लेकर हर समय आगे रहते हैं और नगर के विकास में लगे हुए हैं। जनता के लिए हमारे सम्मान पर चोट भी पहुंचती है। किस व्यक्ति का कहा सम्मान होना चाहिए इतनी समझ होनी चाहिए। दूसरी ओर इस मामले में आयोजन समिति के सदस्यों का कहना है कि जो कार्ड छपवाये गए हैं समिति के सभी लोगों की सहमति लेकर ही प्रिंट कराया गया है। प्रोटोकॉल का उल्लंघन एवं चारों तरफ किरकिरी होने के सवाल पर मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन का कहना है कि आयोजन विधानसभा स्तरीय किया जा रहा है जिसमें 5 अध्यक्ष आते है इस कारण किसी अध्यक्ष का नाम आमंत्रण कार्ड में नहीं छापा गया है। पिछले 2 दिनों से पूरे संभाग में वितरण हो रहे कार्ड को लेकर पूरे क्षेत्र में चर्चा होने लगी है। नगर के जागरूक व्यापारियों एवं नागरिकों का कहना है कि पूर्व के अध्यक्ष होते तो क्यो किसी की हिम्मत नहीं होती इस प्रकार अपमानित करने की।

## बसंत पंचमी का पर्व नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया

**कोतमा।** बसंत पंचमी का पर्व शुक्रवार को नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विविध आयोजनों के साथ शैक्षणिक संस्थानों में विद्या की देवी मां सरस्वती की विधि विधान से पूजन किया गया। कई निजी विद्यालय में माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजन पश्चात हवन किया गया। नगर के उत्कृष्ट विद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय, बस स्टैंड स्थित शासकीय बालक केंद्र स्कूल, माडल स्कूल, गोविंदा कालोनी शासकीय स्कूल, शासकीय आईटीआई कॉलेज, निजी शिक्षण संस्थान, शिशु भारती स्कूल, विवेक शिक्षा शिक्षक शिक्षा ज्योति आरसी इंग्लिश मीडियम स्कूल ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल केआईसीटी कंप्यूटर कालेज में बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा विधि विधान से की गई। ठाकुर बाबा धाम मंदिर मे बसंत पंचमी के अवसर पर माता का विशेष श्रृंगार किया गया था। मंदिर परिसर में विधि विधान से मां वीणा वादिनी की पूजा अर्चना करने के उपरांत हवन कराया गया सुबह से ही मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की भीड़ दर्शन के लिए लगी रही। नगर के पुरानी बस्ती ऊपर टोला में शंकर मंदिर एवं थाना परिसर हनुमान मंदिर में अखंड मानस



पाठ का आयोजन किया गया था।

### किया विरोध

नगर के सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में बसंत पंचमी के अवसर पर बच्चों की छुट्टी स्कूल प्रबंधन के द्वारा कर दी गई थी जिसको लेकर जागरूक युवाओं में आक्रोश देखा गया जागरूक युवाओं ने विद्यालय परिसर पहुंचकर विद्यालय प्रबंधन के ऊपर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आज बसंत पंचमी के दिन नगर में स्थित सभी विद्यालयों में जहां माता सरस्वती की पूजा अर्चना विधि विधान से करवाई जा रही है लेकिन इस विद्यालय में माता की पूजा अर्चना न करवाने के उद्देश्य से बच्चों की छुट्टी कर दी गई है। युवाओं में विद्यालय प्रबंधन के प्रति नाराजगी को देखते हुए थाना प्रभारी रत्नाबंर शुक्ल के द्वारा पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। युवाओं के द्वारा विद्यालय परिसर मे माता सरस्वती की प्रतिमा रखकर विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए जयकारा लगवाया गया।

### बसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार को कोतमा क्षेत्र में मेले का आयोजन

**कोतमा।** बसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार को कोतमा क्षेत्र मे मेले का आयोजन किया गया। नगर के समीप ठोढहा गांव के पास सिद्ध बाबा पहाड़ी सेमरिया गांव के समीप कैलाश घाट बदरा के पास गोडहारी नदी मैन टोला हनुमान मंदिर में बसंत पंचमी के अवसर पर मेले का आयोजन किया गया। सुबह से ही मेलों में दुकानदारो के द्वारा विभिन्न प्रकार की दुकान सजाई गई थी। मेले में सबसे ज्यादा खिलौने, गन्ना, टोपी, विभिन्न प्रकार के मुखौटे सहित दुकानें सजाई गई थी। आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग महिलाएं बच्चे बुजुर्ग मेले मे पहुंच कर मेले का आनंद लिया। मेले में ग्रामीण झूला रहट भी लगाया गया था लोगों ने झूले में जमकर झूला। बसंत पंचमी के अवसर पर आसपास मेले का आयोजन किया गया था मेले में किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित ना हो इसके लिए एसडीओपी आरती शाक्य, थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल के द्वारा पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।



# खबर संक्षेप

## राहुल-प्रियंका गांधी सेना कांग्रेस का जिलाध्यक्ष राम सजीवन शर्मा को नियुक्त किये जाने पर कांग्रेस जन हर्षित



बुढार। कांग्रेस पार्टी के समर्पित निष्ठावान नेता राम सजीवन शर्मा को राहुल प्रियंका गांधी सेना कांग्रेस का जिला अध्यक्ष बनाये जानें पर कांग्रेस जनों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। कोयलांचल क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक गतिविधियों में समर्पित एवं निष्ठा भाव से अपनी अहम् भूमिका का निर्वहन करने वाले राम सजीवन शर्मा (इंटक नेता) को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश शर्मा एवं प्रदेश प्रभारी चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी के निर्देशन पर प्रदेश अध्यक्ष कैलाश राठौर तथा आई.जी. पांडेय ने राहुल-प्रियंका गांधी सेना (कांग्रेस) के शहडोल जिलाध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता - हनुमान खंडेलवाल, प्रदीप सिंह (एड.), बलमीत सिंह खनूजा, आनंद मोहन जायसवाल, मुबारक मास्टर, विनोद पाठक, भानू दीक्षित, अनुज सिंह, प्रवीण सिंह, सुजीत सिंह चंदेल, अरविंद नायक, मनोज जैन (पूर्व पार्षद), पवन सोनी, नौशेरमां खान, राजीव शर्मा, इकबाल अहमद, ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहाकि - श्री शर्मा राहुल प्रियंका गांधी सेना (कांग्रेस) के जिलाध्यक्ष के मिले दायित्व का निर्वहन निश्चित ही संगठन की आशाओं के अनुरूप करेंगे ऐसी पूर्ण आशायें हैं।

## बिजुरी पुलिस द्वारा अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई, 6 लाख 3 हजार का मशरुका जप्त



बिजुरी। पुलिस अधीक्षक मोती उर्र द्वारा अवैध उत्खनन पर कार्यवाही करने के लिए आदेशित किया गया है अतः अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन मे बिजुरी पुलिस के द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की गई। घटना का विवरण इस प्रकार है कि 22 जनवरी को थाना बिजुरी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र अंतर्गत बिना वैध अनुमति के रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई, घेराबंदी देखकर ट्रेक्टर ट्राली ड्राइवर कुछ दूर पहले ही ट्रेक्टर खडा कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया जिसकी तलाश की गयी पर पता नही चला। मौके से रेत से भरा बिना नंबर के वाहन ट्रैक्टर को जप्त किया गया। उक्त ट्रेक्टर को मौके से विधिवत जप्त किया जाकर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध धारा 303 (2), 317(5) बीएनएस एवं 4/21 खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक विकास सिह, सउनि आरएन तिवारी, आरक्षक अभिषेक शर्मा, आर मनोज उपाध्याय की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## गणतंत्र दिवस पर प्रभारी मंत्री करेंगे ध्वजारोहण

**कटनी।** जिले में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह परंपरागत गरिमा के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी में आयोजित होने वाले जिले के मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह होंगे।

## भारत पर्व पर बुंदेली लोक गायन व कथक नृत्य की प्रस्तुति देंगे कलाकार

**कटनी।** लोकतंत्र का उत्सव भारत पर्व का आयोजन गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की शाम बस स्टैण्ड स्थित ऑडिटोरियम में शाम 5 बजे से किया जायेगा। भारत पर्व में संस्कृति विभाग, स्वराज संस्थान संचालनालय भोपाल के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी।

# बचपन प्ले स्कूल वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कर छात्रों का किया उत्साहवर्धन



**बुढ़ार। बचपन अकैडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के नवनिर्मित केंपस गोपालपुर में विद्यालय का वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुकेश कुमार श्रीवास्तव जी.एम. ऑपरेशंस एस.ई.सी.एल.एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर शेखर जैन जिला अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति देकर विद्यालय को गौरवान्वित किया।





## विभिन्न खेलों का आयोजन

बचपन प्ले स्कूल बुढार शाखा के भी बच्चे, शिक्षक एवं अभिभावकगण,भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए छात्रों की शेक रेस, हर्डल रेस,एनिमल रेस, बाल बैलेंसिंग,100 मी. 200 मी. रेस, लॉन्ग जंप, हाई जंप आदि कई स्पोर्ट्स कराए गए। मुख्य अतिथि मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि नन्हे मुन्ने बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों के द्वारा की गई मेहनत की सराहना की एवं बचपन ग्रुप द्वारा बच्चों के तकनीकी ज्ञान के विकास के लिए उपलब्ध कराए गए रोबोटिक्स,प्राइस स्मार्ट, स्क्रैच कोडिंग आदि संसाधनों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर शेखर जैन ने विद्यालय के संचालक सृजनेश जैन, सुधेश जैन एवं प्राचार्य श्रीमती जागृति सिंह, एवं पूरे स्टाफ के द्वारा स्पोर्ट्स डे सेलिब्रेशन के लिए किए गए उनके टीमवर्क की प्रशंसा की। कार्यक्रम में समस्त अभिभावकगण ने भी विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय द्वारा समय-समय पर किए जा रहे जिसके के लिए आभार व्यक्त किया।



## विधायक जयसिंह मरावी ने बसंत पंचमी पर सुप्रसिद्ध लखवरिया धाम में लगने वाले मेला का किया शुभारंभ



## गुफाओं की नगरी से विख्यात पांडवकालीन मंदिर में श्रद्धालुजन पूजन-अर्चन के साथ अर्जित कर रहे मेले का भरपूर लुत्फ

**बुढार। बसंत पंचमी के पावन पर्व पर गुफाओं की नगरी से विख्यात पांडवकालीन श्रीराम जानकी मन्दिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित 5 दिवसीय मेला का शुभारंभ जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी ने फीता काटकर किया।**

सुप्रसिद्ध लखवरिया धाम में लगने वाले 5 दिवसीय मेला का भरपूर लुत्फ क्षेत्रवासियों के साथ-साथ समीपी ग्रामों के नागरिक उठा रहे हैं, वहीं श्रीराम जानकी मन्दिर सहित अन्य मंदिरों में विराजित भगवान का श्रद्धालुजन दर्शन कर अपना जीवन सौभाग्यमय बना रहे हैं। अति प्राचीन लखवरिया धाम में मेला का जैतपुर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक जयसिंह मरावी ने उद्घाटन कर मन्दिर में विराजित भगवान का पूजन-अर्चन किये, वहीं मेले में आये श्रद्धालुओं को बसन्त पंचमी पर्व की शुभकामना दी और सहज भाव से मेले में आये नागरिकों व दुकानदारों से भेंट की। विधायक जयसिंह मरावी के साथ मेला के उद्घाटन अवसर पर - खैरहा भाजपा मण्डल अध्यक्ष विपुल सिंह विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने बसंत पंचमी के पावन पर्व पर आयोजित मेला जो धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक आस्था का प्रतीक है, और आपसी मेल-मिलाप को प्रगाढ़ करने वाले मेला अवसर पर अपनी शुभकामना दी। बसन्त पंचमी पर आयोजित मेला के शुभारंभ अवसर पर - ग्राम पंचायत सरपंच बुद्धे लाल, अरविन्द जायसवाल, महेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र चौकसे, चिंतामणि यादव, संदीप साहू सहित पंचायत वासियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान का सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम हुआ संपन्न



**उमरिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ब्लाक करकेली में संवाद योजनांतर्गत स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर सेक्टर स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान कार्यक्रम सेक्टर घुलघुली के ग्राम पंचायत महुरी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष पूजा अर्चना कर शुरुआत की गई।परामर्शदाता सोनाली तिवारी द्वारा स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया गया । मुख्य वक्ता वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता व परामर्शदाता संतोष त्रिपाठी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए युवा दिवस के बारे में चर्चा की गई व उपस्थित जनों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने हेतु प्रेरित किया गया। नवांकुर संस्था कांता देवी अंत्योदय सेवा समिति के प्रतिनिधि ने कहां कि नशे से जुड़े किसी भी पदार्थ का उपयोग शौक के रूप में भी नही करना चाहिए। ग्राम पंचायत महुरी सरपंच उमालाल कोरी ,रोजगार सहायक नारायण सिंह ने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी की भावना के साथ करने की बात कही। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रधानाध्यक गेंदलाल सिंह प्रस्फुटन समिति से अमरदास कोरी ,परामर्शदाता सोनाली तिवारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अवंतिका तथा सीएमसीएलडीपी के छात्र गायत्री अग्रवाल, दिव्या विश्वकर्मा, अलका रजक ,संतराम बर्मन ,पूनम देवी, पूजा बर्मन ,अनिलेश नामदेव, प्रिया सिंह सहित ग्रामीण जन की सहभागिता रही ।

## मादा भालू द्वारा ग्रामीण पर हमला कर घायल कर देने का मामला सामने आया



**कोतमा।** वन परिक्षेत्र कोतमा अंतर्गत मलगा बीट में बुधवार को एक मादा भालू ने ग्रामीण पर हमला कर घायल कर देने का मामला सामने आया है। बताया जाता है की आमाडांड निवासी मुकेश केवट 50 वर्ष जो की जंगल के रास्ते जा रहा था जहां पर एक वीरान घर में रुकते हुए वह पेशाब करने लगा। इसी दौरान भालू ने हमला कर घायल कर दिया हमले से घायल के हाथ, जांघ एवं पेट में चोट आई है। जिसका उपचार कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किए जाने के बाद अनूपपुर रेफर किया गया। सूत्रों के अनुसार जंगल में मादा भालू के द्वारा शावक को जन्म दिया गया है। उसी स्थान पर इंसान के पहुंच जाने पर हमला किया गया है। मामले की सूचना पर वन कर्मचारियों के द्वारा भालू को जंगल की ओर खदेड़ते हुए ग्रामीणों से जंगल ना जाने की सलाह दी गई है। विदित रहे कि कोतमा सहित आस पास के रहवासी क्षेत्र में लगातार भालू की दस्तक बने रहने से लोग डर के साये मे है।

# आदर्श कॉलेज में छात्र छात्राओं को मतदाता दिवस पर दिलाई गई शपथ





**उमरिया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के अवसर पर छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र के प्रति आस्था एवं स्वतंत्र निष्पक्ष वोट देने के लिए जागरूकता प्रसार के अंतर्गत शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में मतदाता शपथ का वाचन बसंत पंचमी के कार्यक्रम के दौरान किया गया।**

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सी बी सोदिया द्वारा छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाई गई । बसन्त पंचमी के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा माता सरस्वती का पूजन प्रसाद वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ परमेश्वर सिंह मरावी, सांस्कृतिक समिति प्रभारी निशी करण, विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ संयोजक के डॉ राजीव तिवारी, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रो रेम सिंह सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण छात्र-छात्रा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे । बसंत पंचमी कार्यक्रम के आयोजन में छात्र नितिन यादव ,लवली बर्मन भूपेंद्र उपाध्याय, लव कुश, आजाद सिंह, अविनाश ,लवली रोशनी सिंह, रश्मि , संध्या प्राची ,अभिषेक सिंह,कान्हा,शुभम असाटी , शिवानी ,निकिता ,प्रिया तिवारी ,रुचि नामदेव का विशेष योगदान रहा ।

## शासकीय कार्यालयों में आज दिलाई जाएगी शपथ

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी 25 जनवरी को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर कटनी जिले के समस्त शासकीय विभागों और कार्यालयों में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ शुक्रवार 23 जनवरी को प्रातः 11 बजे दिलाई जायेगी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को शासकीय अवकाश होने से यह शपथ 23 जनवरी को दिलाई जायेगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने कार्यालयों में कर्मचारियों और अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कर निर्धारित समय पर शपथ दिलाएं।

## एचआईवी रोकथाम में शिक्षा की भूमिका विषय पर प्रतियोगिता

**कटनी।** विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय "एचआईवी संक्रमण की रोकथाम में शिक्षा की भूमिका" रखा गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई ने अपने संबोधन में कहा कि "एचआईवी एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने में शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सही जानकारी और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के माध्यम से ही समाज में फैली भ्रांतियों को दूर किया जा सकता है।

## चचाई में 25 जनवरी को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन



**चचाई।** विद्युत नगरी चचाई में 25 जनवरी को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन शिव शक्ति मंदिर चचाई बाजार में हिंदू सम्मेलन के निमित्त अक्षत कलश पूजन एवं ध्वज पूजन के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ यह सम्मेलन 25 जनवरी को दोपहर 12:00 से 04 बजे तक होगा सम्मेलन की तैयारी जोरों पर है, जिसमें संकीर्तन टोली हिंदू समाज के द्वारा निकाली जा रही है। संचालन टोली द्वारा घर-घर जाकर संपर्क अभियान चलाकर आमंत्रण दिया जा रहा है। समरसता भोज के लिए हर घर से एक गिलास चावल और सब्जी का संग्रह किया जा रहा है। सकल हिंदू समाज की सहभागिता और सहयोग बढ़-चढ़कर मिल रहा है। सम्मेलन में मंचीय कार्यक्रम और पूज्य संतों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। तत्पश्चात समरसता भोज एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम 25 जनवरी चाचाई बाजार अमरकंटक वाटिका में आयोजित होगा। सम्मेलन के आयोजन से पहले घर-घर जाकर आमंत्रण दिया जा रहा है। संचालन टोली के सदस्य लोगों से मिलकर उन्हें सम्मेलन में शामिल होने का आग्रह कर रहे हैं। सम्मेलन में शामिल होने के लिए लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। लोग अपने परिवार के साथ सम्मेलन में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है। इस सम्मेलन में हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में दोपहर 12:00 बजे सुंदरकांड एवं सुंदरकांड के पश्चात बाहर से आए हुए अतिथियों एवं विद्वानों मातृ शक्ति के द्वारा समाज को उद्बोधन एवं भारत मां की आरती होगी वही शाम 4:00 बजे से प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है।

### ग्राम कोहका स्थित हरिदास ब्रजधाम में चल रहा है बसंतोत्सव पर्व

# धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाहोत्सव, श्रद्धालुओं ने बरसाए फूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



स्लीमनाबाद ग्राम पंचायत के ग्राम कोहका स्थित हरिदास ब्रजधाम मैं सात दिवसीय बसंतोत्सव पर्व का आयोजन चल रहा है।बसंतोत्सव पर हरिदास जी महाराज मंदिर मे सप्ताह ज्ञान यज्ञ चल रहा है। श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा में श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन हुआ। जिसे बड़े धूमधाम से मनाया गया।

श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन गुरुवार को कथावाचक पंडित रमाकांत पौराणिक ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय है। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। भागवत कथा के छठवें दिन मंगलवार को कथा स्थल पर रूकमणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रुक्मणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। इस दौरान आओ सखी मेरी मुझे मेहंदी लगा दो, मुझे श्याम सुंदर की दुल्हन बना दो, आज मेरे श्याम की शादी है गीतों पर जमकर लोग नाचे।

## वैवाहिक समस्या होती है दूर

कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुक्मणी के भाई उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था।लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगे। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है। द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्य मार्गी है। इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएगी। अंत मैं भगवान श्रीद्वारकाधीशजी ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया।इस दौरान बडी संख्या मे श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## बसंतमहोत्सव आज

हरिदास ब्रजधाम में शुक्रवार को बसंत महोत्सव मनाया जाएगा। मन्दिर में दिन भर विविध धार्मिक आयोजन आयोजित होंगे।दूर दूर से श्रद्धालु अपनी मान्यताओं को लेकर आस्था के मंदिर मे मत्था टेकेंगे। शुक्रवार की शाम हवन यज्ञ पूर्णाहुति होगी। मध्य रात्रि 12 बजे विश्व कल्याण की कामना को लेकर बांके बिहारी का रुद्राभिषेक कर धर्म ध्वजा धारण कराया जाएगा। प्रातःकाल 4 बजे बांके बिहारी की सखियों के द्वारा रहस्य लीला का महारास रचाया जाएगा।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी,गणेश तिवारी, ब्रजेश दुबे, बी के दुबे,संजय दुबे, सुनील तिवारी,अनुराग मिश्रा, सविनय तिवारी,गुलाब यादव,गणेश यादव,रामनारायण यादव,राजेंद्र यादव, पवन यादव,मदन यादव सहित बड़ी संख्या मैं भक्तो की उपस्थिति रही।

**महोत्सव में धर्म, आस्था, ध्यान, योग, पर्यटन, संस्कृति का समागम**

# नर्मदा महोत्सव का आज से शुभारंभ

## हर हर शम्भू से कल गूंजेगा अमरकंटक, विख्यात गायिका अभिलिप्सा देंगी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

मॉ नर्मदा उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में 24 व 25 जनवरी को नर्मदा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाई जायेगी। मॉ नर्मदा जयंती को धूमधाम से मनाये जाने के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ साथ कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अर्चना कुमारी व पुष्पराजगढ़ एसडीएम वसीम अहमद भट्ट आईएएस महीनों से प्रयासरत हैं। आज से शुरू हो रहे महोत्सव को लेकर प्रशासन, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, आमजनता का मनोबल मॉ नर्मदा जयंती की ओर तीव्रता से बढ़ रहा है।






मध्यप्रदेश की जीवन रेखा, संस्कृति सलिला मां नर्मदा जयंती के अवसर पर दो दिवसीय अमरकंटक नर्मदा महोत्सव-2026 का शुभारम्भ आज 24 जनवरी को अमरकंटक में होगा, जिसकी तैयारीयों को कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। मां नर्मदा की पावन जन्म स्थली अमरकंटक में नर्मदा महोत्सव 2026 की शुरुआत 24 जनवरी को प्रातः 11 बजे मां नर्मदा शोभायात्रा से होगी। तत्पश्चात दोपहर 1 बजे अखण्ड कीर्तन, शाम 04 बजे निर्झरणी महोत्सव, शाम 07 बजे महाआरती तथा रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन अनूपपुर तथा मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं श्री नर्मदे हर सेवा न्यास अमरकंटक के सहयोग से आयोजित निर्झरणी महोत्सव में बैगा जनजाति द्वारा करमा नृत्य की प्रस्तुति डिण्डौरी जिले के अर्जुन सिंह धुर्वे एवं साथी, गोंड़ जनजाति द्वारा गुदुम बाजा नृत्य की प्रस्तुति अनूपपुर जिले के शिवप्रसाद धुर्वे एवं साथी तथा छत्तीसगढ़ी लोकगायन की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ के संजीवन टांडिया एवं साथी द्वारा दी जाएगी। साथ ही भुवनेश्वर के सुनील साहू एवं साथी द्वारा शंखध्वनि एवं सिवनी की बाली ठाकरे एवं साथी द्वारा भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। जिला प्रशासन अनूपपुर द्वारा नागरिकों से नर्मदा महोत्सव 24 एवं 25 जनवरी को अमरकंटक में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की गई है। मॉ नर्मदा उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में प्रत्येक वर्ष साधु-संत, समाजसेवी, राजनेता, श्रद्धालु नर्मदा जयंती मनाते रहे, लेकिन इस वर्ष मॉ नर्मदा जयंती महोत्सव का आयोजन दो दिवसीय होगा। 24 व 25 जनवरी को नर्मदा महोत्सव मनाये जाने के लिए शासन, प्रशासन, समाजसेवी, साधु-संत अंतिम तैयारी में जुटे हुये हैं। जिसकी तैयारी कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान के मार्गदर्शन में पूरा प्रशासनिक अमला इन दिनों अमरकंटक पहुंचकर नर्मदा महोत्सव की तैयारी में जुटा है।

### ऐतिहासिक होगा नर्मदा महोत्सव

मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा 24 व 25 जनवरी को अमरकंटक में मॉ नर्मदा जयंती का महोत्सव मनाया जा रहा है। नर्मदा जयंती महोत्सव ऐतिहासिक ढंग से मनाई जायेगी।

"हर हर शंभू शिव महादेवा पांडा देंगी भक्ति गीतों की प्रस्तुति

द्वितीय दिवस 25 जनवरी प्रातः 11 बजे मां नर्मदा जन्मोत्सव पूजन, दोपहर 12 बजे कन्या पूजन एवं भण्डारा, शाम 6:45 बजे मां नर्मदा मंदिर प्रांगण में महाआरती, शाम 7:15 बजे रामघाट अमरकंटक में मां नर्मदा महाआरती का आयोजन होगा तथा रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक संध्या अंतर्गत "हर हर शंभू शिव महादेवा" फेम मशहूर गायक अभिलिप्सा पांडा द्वारा भक्ति गीतों की विशेष प्रस्तुति रामघाट के उत्तर तट में दी जाएगी। आयोजन में नागरिकों, श्रृद्धालुओं तथा पर्यटकों से सहभागिता करने की अपील जिला प्रशासन द्वारा की गई है।

### कलेक्टर ने की सभी से सहभागिता की अपील

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने पर्यटक, श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधि, नागरिक, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से नर्मदा महोत्सव के दौरान धर्म, आस्था, ध्यान, योग, पर्यटन एवं सांस्कृतिक के अनोखे से समागम मे अपनी सहभागिता निभाने की अपील की है। उन्होने कहा कि अंतरराष्ट्रीय पहचान स्थापित करने वाली मां नर्मदा की उद्गगम स्थली अनपपुर जिले की धार्मिक एवं पर्यटन नगरी अमरकंटक में 24 व 25 जनवरी को दो दिवसीय धर्म, आस्था, ध्यान, योग, पर्यटन का समागम अमरकंटक नर्मदा महोत्सव 2025 में देखने को मिलेगा।

### पुलिस व्यवस्था रहेगी चुस्त-दुरूस्त

पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान ने बताया कि नर्मदा जयंती 24 जनवरी से आरंभ होने वाले इस भव्य एवं दिव्य आयोजन में धर्म, संस्कृति, आस्था और पारंपरिक कला, भक्ति, धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ भव्यता एवं विविधता प्रदान करने के लिए अनेक गतिविधियां आयोजित होगी। इस तरह दो दिवसीय गतिविधियां होंगी जिसमे यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं, भक्तों की सुगमता की दृष्टि से सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी।

# रेत माफियाओं का आतंक अब खुलेआम बन चुका है चुनौती

## माफियाओं के कब्जे में नदियाँ, नाले और जंगल, प्रशासन बना मूकदर्शक

रात में चलता है खनिज डकैती का खुला तांडव

**अनूपपुर जिले की नदियाँ आज जीवनदायिनी नहीं, बल्कि रेत माफियाओं की गुलाम बन चुकी हैं। बिजुरी, कोतमा और रामनगर में रात ढलते ही अवैध खनन का साम्राज्य जाग उठता है। ट्रैक्टरों की गड़गड़ाहट कानून की धज्जियाँ उड़ाती है और खनिज विभाग व पुलिस की चुप्पी इस लूट में उनकी भूमिका पर बड़ा सवाल खड़ा करती है।**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।





जिले में रेत माफियाओं का आतंक अब किसी से छिपा नहीं है, बल्कि खुलेआम चुनौती बन चुका है। जिले की नदियाँ, नाले और जंगल माफियाओं के कब्जे में हैं और प्रशासन मूकदर्शक बना बैठा है। बिजुरी, कोतमा और रामनगर थाना क्षेत्रों में हर रात अवैध उत्खनन ऐसे चलता है मानो यह कोई वैध कारोबार ईमानदारी से संचालित हो रहा हो। नदियों का सीना छलनी किया जा रहा है, भू-जल स्तर को मौत की ओर धकेला जा रहा है और शासन को लाखों करोड़ों के राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह सब पुलिस चौकियों और खनिज विभाग की आंखों के सामने हो रहा है। सवाल यह नहीं कि अवैध खनन हो रहा है, सवाल यह है कि किसके संरक्षण में हो रहा है? क्या खनिज विभाग सिर्फ कागजों तक सीमित रह गया है? क्या प्रशासन की सख्ती सिर्फ आम जनता के लिए है? यह चुप्पी अब संदेह नहीं, बल्कि सीधी मिलीभगत की गवाही देती है।

बिजुरी में रेत सिंडिकेट का राज, गांव-गांव में दहशत

बिजुरी थाना क्षेत्र के छाती, उमर्दा और मंटोलिया जैसे इलाकों में रेत माफिया पूरी बेखौफी से सक्रिय हैं। जंगल और नदी दोनों को निशाना बनाया जा रहा है। रात होते ही ट्रैक्टरों की कतारें निकलती हैं और ग्रामीण डर के मारे दरवाजे बंद कर लेते हैं। कानून यहाँ नाम मात्र का रह गया है कोरम की खाना पूर्ति करने के लिए एकाद टूट पूंजीही कार्यवाही कर अपना पल्ला झाड़ते जिम्मेदार नजर आते है।

### कोतमा में नदियों का कत्ल, गहरी खुदाई से खतरा

कोतमा थाना क्षेत्र के इमली घाट, पहलचूहा और पठारवादी में नदियों को मौत के गड्ढों में बदला जा रहा है। अवैध खनन से जलस्तर गिर रहा है, लेकिन न तो खनिज विभाग दिखता है और न ही कोई कार्रवाई नजर आती है। जिससे यह कहना गलत नहीं होगा कि जिम्मेदार महज औपचारिकता निभाने में व्यस्त नजर आते है लेकिन कार्यवाही से गुरेज या अवैध काम की ओर पीठ करना कितना नियम और नैतिकता पर खरा उतर रहा है।

### रामनगर फॉरेस्ट एरिया भी माफियाओं के हवाले

रामनगर थाना क्षेत्र के, वेंकट नगर और आसपास के वन क्षेत्रों में भी रेत माफिया का कब्जा है। अंधेरे की आड़ में ट्रैक्टरों से रेत की तस्करी हो रही है और वन विभाग की चुप्पी उनकी भूमिका को कटघरे में खड़ा करती है। ऐसा नहीं है कि वन अमला को इसकी जानकारी नहीं है सब जानकारी में होते हुए भी कार्यवाही से गुरेज कही न कही अवैध खनन को संरक्षण की ओर इशारा करता है।

### सवालों के घेरे में पुलिस-खनिज विभाग

आम लोगों में खुले आम चर्चा का विषय बना हुआ है कि रेत से लदे ट्रैक्टर थानों के सामने से गुजरते हैं। फिर भी कोई रोक-टोक नहीं होता है। नगर में सीसीटीवी लगे है तब भी क्या पुलिस सो रही है या 'महीने' की व्यवस्था ने कानून को हासीए में ला खड़ा कर दिया है? यदि यही हाल रहा तो अनूपपुर की नदियाँ नक्शे से और प्रशासन जनता के भरोसे से मिट जाएगा।

### नर्मदा का सीना भी हो रहा छलनी

जिले के थाना करनपठार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोइलरी के सिवनी संगम पर नर्मदा नदी का सीना वर्षों से बेखौफ होकर छलनी किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह अवैध उत्खनन रात के अंधेरे में नहीं, बल्कि दिनदहाड़े खुलेआम चल रहा है। ट्रैक्टर और मशीनें धड़ल्ले से रेत निकालती हैं, लेकिन खनिज विभाग, पुलिस और प्रशासन की आंखें जैसे जानबूझकर बंद हैं। कभी-कभार की गई कार्रवाई सिर्फ औपचारिकता बनकर रह जाती है, जिससे माफियाओं के हौसले और बुलंद हो जाते हैं। यह स्थिति सीधे तौर पर शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर गहरा सवाल खड़ा करती है। क्या नर्मदा की दुर्दशा किसी की प्राथमिकता नहीं, या फिर सब कुछ मिलीभगत की भेंट चढ़ चुका है?

# कोयला खदान बंदी को लेकर कोयला मंत्री रेड्डी करेंगे जिला कलेक्टर से संवाद



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** कोयला मंत्रालय द्वारा खदान बंदी तथा खनन उपरांत भूमि उपयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निरंतर पहल की जा रही है। इन प्रयासों का केंद्र बिंदु सामुदायिक विकास खनन समाप्त क्षेत्रों का पुनः उपयोग तथा सतत आजीविका को बढ़ावा देना है। खदान बंदी को लेकर कोयला मंत्री जी. किशन. रेड्डी खदान प्रभावित जिलों के कलेक्टरों से वीडियो कॉफ्रेसिंग के जरिये बैठक लेंगे। हाल ही में संशोधित खदान बंदी दिशा-निर्देशों के अंतर्गत एस्क्रो निधि का 25 प्रतिशत सामुदायिक विकास हेतु तथा 10 प्रतिशत जस्ट ट्रांजिसन के लिए अनिवार्य रूप से आवंटित किए जाने का प्रावधान किया गया है।

साथ ही, प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए खदान बंदी सलाहकार समिति के गठन का भी प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त, कोयला मंत्रालय द्वारा सामुदायिक सहभागिता एवं विकास के लिए रिक्लेम फ्रेमवर्क तथा प्रभावी खदान बंदी एवं बंदी उपरांत योजना के लिए लाईवस फ्रेमवर्क जारी किए गए हैं। ये दोनों ढांचे खदानों के पुनःउपयोग हेतु एक संरचित एवं दूरदशी मार्गदर्शिका प्रदान करते हैं।

इसी क्रम में, खान मंत्री की अध्यक्षता में जिला कलेक्टर्स के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से 28 जनवरी को अपराह्न 3 बजे किया जाएगा। बैठक में खदान बंदी से संबंधित नीतियों एवं हालिया विकासों पर चर्चा, खदान बंदी सलाहकार समितियों की प्रगति की समीक्षा, परियोजना प्रभावित व्यक्तियों तक लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से पहुंचाने हेतु कार्ययोजनाओं का विकास तथा जमीनी स्तर पर नीति कार्यान्वयन को मजबूत करने के लिए व्यावहारिक सुझावों पर विचार किया जाएगा।

# अक्षरा-शिक्षा से बदलाव की शुरूआत अंतर्गत समूह की असाक्षर दीदियां बनेंगी साक्षर

## आजीविका मिशन एवं जिला शिक्षा केंद्र के द्वारा कार्यक्रम का विशेष आयोजन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूहों से जुड़ी ऐसी दीदियां जो साक्षर नहीं हैं, उन्हें उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत साक्षर बनाये जाने की पहल के अंतर्गत 23 जनवरी को बसंत पंचमी के दिन विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिला कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमति अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में जिले में भी अक्षरा-शिक्षा से बदलाव की शुरूआत, अभियान अंतर्गत समूह की दीदियों को साक्षर बनाये जाने की शुरूआत की गयी। अभियान अंतर्गत समूह की दीदियों को साक्षर बनाये जाने की पहल के तहत एक साक्षर दीदी को अक्षर साथी के रूप में चिंहित किया जाकर उनके द्वारा समूह, परिवार या ग्राम की दीदियों को साक्षर बनाये जाने का कार्य किया जायेगा। इस पहल का मूल उद्देश्य समुदाय स्तर पर अक्षर साथी के माध्यम से समूह से जुड़ी असाक्षर महिलाओं की बुनियादी साक्षरता को सुदृढ़ एवं सशक्त करना है। मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं राज्य शिक्षा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में हर महिला साक्षर-हर परिवार सशक्तव-हर गांव प्रगति की ओर की अवधारणा के साथ 23 जनवरी को जिले के समस्त विकासखंडों में कार्यक्रम आयोजित किये गये। आज के कार्यक्रम में समूह की दीदियों द्वारा सामूहिक शपथ ली गयी एवं साक्षर दीदियों द्वारा अनुभव भी साझा किये गये। आज के दिन ही प्रथम पाठ्यक्रम का औपचारिक रोल आउट भी किया गया।



# अवैध खनिज परिवहन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पुलिस ने अवैध खनिज परिवहन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए खनिज सहित परिवहन करने वाले वाहनों को जप्त किया है। थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल ने बताया कि कोतमा पुलिस द्वारा अवैध खनिज परिवहन करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। विगत दिनों मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गढ़ी तरफ से एक व्यक्ति एक नीले सफेद रंग की स्वाराज ट्रेक्टर की ट्राली में बिना टीपी के गिट्टी लोड करके गोविंदा गांव तरफ परिवहन करते लेकर जा रहा है। मुखविर की सूचना पर कोतमा सब्जी मंडी के पास से नीले सफेद रंग का स्वाराज कम्पनी का ट्रैक्टर जिसका रजिस्ट्रेशन न0 एम 65 एए 3912 जिसके पीछे एक नीले रंग की बिना नम्बर की ट्राली लगी जिसमें 03 घन मीटर अवैध गिट्टी लोड थी जिसका चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया था, धारा 303(2), 317(5) बीएनएस एवं 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम में एक पुराना नीले सफेद रंग स्वराज कम्पनी ट्रेक्टर जिसका पीछे लगी ट्राली में 03 घन मीटर अवैध गिट्टी कीमती 5000 रूपये एवं ,ट्रेक्टर ट्राली कुल कीमती पांच लाख पांच हजार रूपये का मौके पर जप्त कर धारा 303(2), 317(5) बीएनएस एवं 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। दूसरे मामले मे मुखबिर से सुचना प्राप्त हुई कि एक ट्रेक्टर मे गोडारू नदी से अवैध रेत लोड कर बेचने हेतु जमगांव तरफ ले जाने वाला है ,मुखबिर के बताये स्थान पर घेराबंदी कर छापामार कार्यवाही हेतु गोडारू नदी घाट मे पहुचे तभी लाल रंग का ट्रेक्टर आते दिखा पुलिस को देखकर ट्रेक्टर चालक दूर से ही ट्रेक्टर को खडा कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया लाल रंग की ट्रेक्टर बिना नंबर के ट्राली में तकरीबन 3 घन मीटर रेत लोड था मौके पर से चालक फरार हो गया बिना नंबर की ट्रेक्टर ट्राली मे करीबन 03 घनमीटर रेत लोड है ट्रैक्टर मय ट्राली कीमती 365000 रूपये की जप्त कर अवैध खनिज चोरी एवं परिवहन करने पर आरोपी वाहन चालक एवं वैध वाहन स्वामी का कृत्य धारा 303(2), 317(5) बीएनएस एवं 4/21 खनिज अधिनियम व एम.वी. एक्ट. की धारा 77/177 का पाये जाने से अपराध कायम किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल, सउनि गोविन्द प्रजापति, ज्ञानेन्द्र पासी, रामपाल पटेल. इस्तयाक खान, अनिल मरावी. संजय द्विवेदी शामिल रहे।



### जगत विहीन कुआं में गिरने से सफेद नर भालू शावक की मौत, वन विभाग पहुंचा मौके पर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जैतहरी इलाके के मुंडा गांव में विगत रात विचरण करते हुए एक सफेद रंग के नर भालू शावक की अचानक कुएं में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई घटना की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर भालू के शव को बाहर निकाल कर परीक्षण किया जिसमें भालू को मृत पाया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र जैतहरी के गढ़यिटोला अंतर्गत मुंडा गांव की चूहिराटोला निवासी मनदेव राठौर पिता लक्ष्मण राठौर के खेत में स्थित जगत विहीन कुआं जिसमे गुरुवार की रात एक वन्यजीव भालू के गिरने एवं अन्य के तेजी से आवाज करने को सुनते हुए ग्रामीणों ने गढ़यिटोला वनरक्षक नरेंद्र पटेल को सूचना दिए जाने पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर भालू को कुएं से बाहर निकाल कर परीक्षण किया जिसमें सफेद नर भालू शावक मृत स्थिति में होना पाया गया मृत भालू के शव को वन डिपो जैतहरी लाकर शव परीक्षण कराने बाद वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में दाह संस्कार की कार्यवाही की गई।

## अपर कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की दिलाई शपथ



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय में 23 जनवरी को प्रातः 11 बजे 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई। इसमें देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली गई। शपथ कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में संचालित विभिन्न विभागों के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। यह शपथ जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में भी ली गई।

### गणतंत्र दिवस की संध्या पर शासकीय भवनों में होगी रोशनी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संध्या पर सभी शासकीय भवनों एवं ऐतिहासिक स्थलों पर रोशनी की जायेगी। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सभी अधिकारियों को कार्यालय भवनों में रोशनी की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये हैं।